



## नगर परिषद ने चलाया जागरूकता अभियान



**पानसेमल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को अव्वल बनाने के लिए नगर परिषद नियमित सफाई के साथ गतिविधियां आयोजित कर रही है। इसी के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों एवं आमजनों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन एवं सीएमओ संतराम चौहान के मार्गदर्शन में नगर परिषद कर्मचारियों ने सार्वजनिक और व्यावसायिक क्षेत्र में दुकानदारों व शहरवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, वहीं कपड़े या अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग कर स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की। परिषद द्वारा पिछले वर्ष कपड़े की थैलियां भी बंटवाई थी। दुकानदारों ने बताया कि यदि प्लास्टिक की थैलियों का निर्माण होना बंद हो जाए, तो अभियान चलाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस ओर शासन प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इस दौरान नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री महेश आवास्या, स्वच्छता शाखा प्रमुख सतीलाल मराठे, प्रकाश शिंदे, रोहित जाधव, प्रतीक शुक्ला, किरण चौधरी मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्यायजी की पुण्य तिथि मनाई



**बड़वानी।** भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में जुलवानिया मंडल में मनाकर समर्पण निधि अभियान की शुरआत की। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि बुधवार को जिलाध्यक्ष अजय यादव ने जुलवानिया के बूथ क्रं. 265, 267 एवं 268 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र का पुजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर समर्पण निधि अभियान की शुरुआत की। साथ ही कार्यकर्ताओं से चेक के माध्यम समर्पण राशि ली गई। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाने वाले, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी, एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल जी का जीवन भारत राष्ट्र को दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ है। वे एक ऐसे राजनेता थे जो समाज, संस्कृति और राष्ट्र के समग्र उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने राजनीति को राष्ट्रधर्म की साधना का माध्यम माना। उन्होंने समर्पण निधि अभियान पर कहा कि पार्टी में काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ताओं का यह भाव रहता है कि पार्टी के संचालन में उनका भी योगदान हो और इसी मनोभाव से कार्यकर्ता अपना समर्पण करता है। यह अभियान हमारे संगठन व विचार के लिए समर्पण है।

## अवैध शराब के विरुद्ध सोण्डवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### कोल्ड्रिंक की दुकान से 3.28 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त

**आलीराजपुर।** बपुलिस अधीक्षक अलीराजपुर के निर्देशन में थाना सोण्डवा पुलिस ने ग्राम ककराना में दबिश देकर बडी मात्रा में अवैध शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी कोल्ड्रिंक की दुकान की आड़ में अवैध शराब का बड़ा स्टॉक जमा कर विक्रय कर रहा था। घटना का संक्षिप्त विवरण: दिनांक 09 फरवरी 2026 को थाना सोण्डवा में पदस्थ उप-निरीक्षक रामवचन पाण्डेय को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ककराना में किरता पिता भायला बन्डोडिया ने अपनी कोल्ड्रिंक एवं नमकीन की दुकान में अवैध शराब छिपाकर रखी होने की सूचना तत्काल मुखबीर द्वारा बताये स?थान पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान दुकान के भीतर से विभिन्न ब्रांडों की अवैध शराब की कुल 163 पेटियां बरामद हुईं। जप्त शराब का विवरण: पुलिस द्वारा जप्त की गई शराब की कुल मात्रा 1797 बल्क लीटर है, जिसका मूल्य लगभग 3,28,000/- रुपये है। शराब का विवरण निम्नानुसार है: ज़ सुपर मास्टर विहस्की: 30 पेटी (270 लीटर) माउण्टस 6000 बीयर: 40 पेटी (480 लीटर) पावर 10,000 बीयर: 70 पेटी (840 लीटर) गोवा व्हीस्की: 20 पेटी (180 लीटर) टेंगो: 03 पेटी (27 लीटर) उक्त घटना में आरोपी किरता पिता भायला बन्डोडिया के विरुद्ध थाना सोण्डवा में अपराध क्रमांक 29/2026, धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सराहनीय भूमिका: इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सोण्डवा निरीक्षक गोपाल परमार के नेतृत्व में उनि रामवचन पाण्डेय, सउनि शांतिलाल उपाध्याय, सउनि भेरुसिंह भिण्डे, प्र.आर. कैलाश, आर. छोटू, आर. विक्रम एवं आर. प्रकाश की मुख्य भूमिका रही है।

## सीए डफरिया को रोटरी विधान परिषद चुनाव में जीत

इंदौर. सीए नितिन डफ़रिया ने रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 के विधान परिषद (सीओएल) चुनाव में जीत हासिल की है. रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह बताया कि वे रोटरी मंडल 3040 के 2013-14 के मंडलाध्यक्ष रह चुके. वे 2026-2028 के कार्यकाल के लिए रोटरी मंडल 3040 के रोटरी विधान परिषद प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे एवं रोटरी अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2028 में अमेरिका का दौरा भी करेंगे. रोटरी विधान परिषद प्रतिनिधि के रूप में, वे संगठन की बेहतरी के लिए नियमों, विनियमों और संविधान में आवश्यक परिवर्तनों का प्रस्ताव देने और उनकी समीक्षा करने पर काम करेंगे. रोटरी अंतरराष्ट्रीय की विधान परिषद रोटरी संगठन की सर्वोच्च विधायी संस्था है, जो संस्था के संवैधानिक दस्तावेजों, उपनियमों और नीतियों में प्रस्तावित परिवर्तनों की समीक्षा, चर्चा और मतदान के लिए हर तीन साल में बैठक करती है. प्रत्येक रोटरी मंडल के प्रतिनिधियों से मिलकर बनी यह संस्था एक संसद के रूप में कार्य करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सदस्यों के सुझाव संगठन के शासन और भविष्य को आकार दें.

## फोर्स मोटर्स ने सर्वोच्च एबिट्डा दर्ज किया

इंदौर. फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही) के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की. पहली छमाही के मजबूत मोमेंटम को जारी रखते हुए, कंपनी ने रिकॉर्ड एबिट्डा और प्रॉफिट मार्जिन दर्ज किए. ये आँकड़ें पिछली तिमाहियों से बेहतर रहे हैं और कंपनी के मजबूत परिचालन मॉडल, प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तथा निष्पादन क्षमताओं की पुष्टि करते हैं. वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही कंपनी का राजस्व 2,155 करोड़ रुपए रहा. वार्षिक आधार पर 13% की वृद्धि दर्ज की. एबिट्डा 401 करोड़ रुपए रहा. वार्षिक आधार पर 63% की वृद्धि दर्ज की. प्रसन फिरोदिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, फोर्स मोटर्स ने कहा तीसरी तिमाही का हमारा प्रदर्शन मुख्य प्रोडक्ट सेगमेंट्स में मजबूत और स्थिर माँग, साथ ही पूरे वर्ष वॉल्यूम में आई निरंतर वृद्धि का स्पष्ट प्रमाण है. शेयर्ड मोबिलिटी, रक्षा उपयोगों और निर्यात बाजारों में हमारी बढ़ती मौजूदगी ने इस व्यापक विकास को मजबूती दी है, जिससे परिचालन दक्षता और लाभप्रदता दोनों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

## ओप्पो ने भारत में के14एक्स 5जी लॉन्च किया

इंदौर. ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो के14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ अपनी के-सीरीज़ की मजबूत विरासत को आगे बढ़ाया. यह स्मार्टफोन पॉवर, परफॉर्मेंस और स्मूथनेस के लिए डिज़ाईन किया गया है. यह ओप्पो के पूरा दिन बेफिक्र उपयोग के वादे के साथ आता है. विद्यार्थियों, नौकरी की शुरुआत करने वालों, गेमर्स और किफायत पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए बनाया गया ओप्पो के14एक्स 5जी भारी उपयोग के साथ भी लंबे समय तक चलता है.

# निमाड़ गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

### प्रतियोगिता के उद्घाटन से पहले टीमों ने शहर में निकाला मार्च पास्ट

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर में निमाड़ गोल्ड कप ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 फरवरी से शुरू होगी। टूर्नामेंट के लिए एमईजी बेंगलुरु, सीवीएम गुजरात और मुंबई कस्टम सहित कई प्रदेशों की नामी टीमें बड़वानी पहुंच चुकी हैं। इन्हीं टीमों के साथ मिलकर मैच से एक दिन पूर्व, वाल्मीकि फुटबॉल क्लब बड़वानी और मेजबान यंग ब्रदर्स टीम ने ढोल-ताशे के साथ शहर में मार्च पास्ट निकाला। इस दौरान टीमों के कप्तान, कोच और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति ने शहरवासियों को प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण दिया।



आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु बनडे ने बताया कि यह उनकी पुरानी परंपरा है कि मैच से एक दिन पहले टीमों के साथ शहर में मार्च पास्ट निकाला जाता है। इसका उद्देश्य बड़वानी की जनता को मैच देखने के लिए आमंत्रित करना है। प्रतियोगिता का मीडिल स्कूल फुटबॉल मैदान में होगा। प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

यह चार दिवसीय टूर्नामेंट यंग ब्रदर्स फुटबॉल क्लब बड़वानी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय स्तर की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में एमईजी बेंगलुरु, सीवीएम आनंद गुजरात, आरा एफसीअहमदाबाद, मोइल्स 11 नागपुर, बिल्डअप रायसेन, एनएफसी नीमच, वाल्मीकि फुटबॉल क्लब और मेजबान यंग ब्रदर्स फुटबॉल क्लब बड़वानी शामिल हैं।

गुरुवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर 1 बजे मुंबई कस्टम और एनएफसी नीमच, मध्य प्रदेश के बीच होगा। दूसरा मैच दोपहर 3 बजे एमईजी बेंगलुरु और बिल्डअप रायसेन, मध्य प्रदेश के बीच खेला जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बड़वानी में फुटबॉल को बढ़ावा देना है। मार्च पास्ट फुटबॉल मैदान से शुरू होकर कोर्ट चौराहा, भवानी माता मंदिर, झंडा चौक, रणजीत चौक, कचहरी रोड़, मोती माता चौक होते हुए फुटबॉल मैदान पर समाप्त हुआ।

**आज होंगे दो मैच**

- मुंबई कस्टम व एनएफसी के बीच होगा पहला मुकाबला।
- एमईजी बेंगलुरू व बिल्डअप रायसेन खेलेंगी दूसरा मैच।

## उन्नत तिल के बीज वितरित किए

**बड़वानी।** जिले में तिलहन फसलों के रकबे को बढ़ाने और कृषकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन विशेष पहल कर रहा है। कलेक्टर जयति सिंह ने आकांक्षी विखं पाटी भ्रमण के दौरान किसानों को तिल के उन्नत बीज नि:शुल्क वितरित किए। इनमें अंतरसभा के बिला कोटवाल, बोकराटा के वाकला सामदा, कालाखेत के सीकरय एवं सेमली के अनारसिंह को तिलहन के बीज वितरित किए। कलेक्टर ने कृषकों से सीधा संवाद किया और उन्हें परंपरागत खेती एवं तिलहन फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि जिले में तिलहन उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं।

## डिजिटल लाइब्रेरी को लेकर हुआ कार्यक्रम

**पानसेमल, (नवभारत)।** श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में पुस्तकालय विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल, डिजिटल लाइब्रेरी, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) ई-ग्रन्थालय पर छात्र, छात्राओं और प्राध्यापकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ राजेश दिवाकर ने ई-ग्रन्थालय बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। संस्था प्राचार्या प्रो संगीता भंडारी ने कहा कि स्वयं पोर्टल पर जो डिजिटल वीडियो के माध्यम से विषय संबंधित जानकारी दी गई है, वह महत्वपूर्ण है। डिजिटल लाइब्रेरी में जो बुक है, उनका उपयोग करना चाहिए। इस दौरान प्राध्यापक डॉ मंजुला चौहान, क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील बागले, डॉ सुभाष मंडलोई, प्रो मनोज सोलंकी, प्रो आरती मुकाती, प्रो हैरी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ निशा वास्कले ने किया।



## बौद्धिक सम्पदा जागरूकता कार्यक्रम 14 फरवरी को

**बड़वानी।** जिले में उद्योगों के विकास और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 14 फरवरी को बौद्धिक सम्पदा जागरूकता कार्यक्रम करेगा। यह कार्यक्रम डाल्फिन वाटर पार्क एण्ड रिसोर्ट पाटी नाका में सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम आईआईटी इन्दौर स्थित आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउण्डेशन के अंतर्गत कार्यरत बौद्धिक सम्पदा सुविधा केंद्र द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की एमएसएमई नवाचार योजना के अंतर्गत एमएसएमई डीएफओ कार्यालय इन्दौर के एमएसएमई विभाग द्वारा लघु उद्योग भारती के सहयोग से की जा रही है।

## इंदौर में विजेता रही पानसेमल टीम



**नवभारत न्यूज़ पानसेमल, 12 फरवरी.** विधानसभा की टीम ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ निशांत खरे द्वारा इंदौर में आयोजित बिरसा मुंडा प्रीमियर क्रिकेट लीग में विजेता का खिताब हासिल किया था। झाबुआ को 1 विकेट को हराने के बाद दूसरी बार प्रतियोगिता का फायनल मैच पानसेमल ने जीता। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए विधायक श्याम बर्डे का आभार जताया।

इंदौर में आयोजित क्रिकेट लीग में 32 विधानसभा की टीमों ने भाग लिया था। फायनल मैच रोमांचक से भरा था, जिसके आखिरी ओवर तक दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। झाबुआ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाए थे। जिसके बाद पानसेमल ने बल्लेबाजी की, आखिरी ओवर में 9 विकेट खोकर टीम ने 73 रन बनाकर जीत हासिल की। विधानसभा की विजेता टीम का विधायक श्याम बर्डे, निर्मला श्याम बर्डे, प्रताप भोंसले, राम सोनाने, साहेबराव ब्राह्मणे, दिनेश जाधव, चेनसिंह गदरे, दिलीप बर्डे, संतोष बर्डे, लाला जोशी, लोकेश चौहान सहित क्षेत्रवासियों ने कार्यालय पर मिठाई खिलाकर पुष्पहार से स्वागत किया। टीम के कैप्टन अमर ने बताया कि मेन ऑफ द सिरीज आशीष जाधव टाकली, मेन ऑफ द मैच फायनल प्रवीण नावडे रहे। टीम को 2 लाख नगदी पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की। वहीं प्रत्येक छक्के पर भी 500 रुपए का नगद पुरस्कार रखा गया था, जो विधायक श्याम बर्डे द्वारा खिलाड़ियों को दिया। विजेता टीम में मुख्य रूप से अमर खेड़कर, आशीष जाधव, संतोष बर्डे, पंड्या, मुकेश डुडवे, जीतू तरोले, सागर, अक्षय, प्रवीण नावडे, साईं, अजय, नरकीया, शिवलाल, माधव, बाबा जमरे शामिल रहे।

**किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

इंदौर में आयोजित क्रिकेट लीग में 32 विधानसभा की टीमों ने भाग लिया था। फायनल मैच रोमांचक से भरा था, जिसके आखिरी ओवर तक दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# सज रहा बाबा का दरबार, महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में उत्साह

- नगर के मध्य बाबा नीलकंठेश्वर व पंपावती तट पर विराजित है भूतेश्वर महादेव
- सम्पूर्ण अंचल की आस्था का है केंद्र

पेटलावद। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। वही इस पावन पर्व पर बाबा का भव्य दरबार सज रहा है। भगवान शिव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि को लेकर पूरे अंचल में तैयारियां अंतिम चरण में है। भगवान शिव के देश व दुनिया में हजारों मंदिर है लेकिन इनमें से जहां हर मंदिर की अपनी एक विशेष कथा है। देवी अहिल्याबाई की पावन नगरी पेटलावद की धरती उन पुराने जीवंत शहरों में गिनी जाती है, जिसका वर्णन इतिहास में आज भी होता है। पेटलावद के कुछ मंदिर ऐसे है जो उसे दुनिया में अपना एक अलग स्थान बनाते है। ऐसा ही एक पवित्र मंदिर शहर के बीचो-बीच में बाबा निलकंठेश्वर महादेव का मंदिर है। यहां प्रतिदिन भक्तजन बाबा के दर्शन कर धन्य होते है।




गौरतलब है कि पेटलावद का निलकंठेश्वर महादेव मंदिर होलकर स्टेट के प्राचीन मंदिरो में से एक है। देवी अहिल्याबाई ने सन् 1717 में इस मंदिर की स्थापना की थी। वे यहां प्रवास पर आई थी। इतिहास में उल्लेख है कि देवी अहिल्याबाई ने इस मंदिर की नींव रखी थी। यहां के शिवलिंग की विशेषता है कि वह 7वें डमरू पर विराजित है, ऐसे ही 6 डमरू धरती के नीचे है। पूरे झाबुआ जिले में ऐसा एकमात्र शिवलिंग यही है, जो इतना बड़ा है। इस शिवलिंग को निलकंठेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। उत्तर में बावड़ी और प्राचीन वृक्ष हैं। वहीं दक्षिण में देवी अहिल्याबाई का बगीचा बना हुआ है। सामान्य दिनो में शिवलिंग पर जलाभिषेक होता रहता हैं। यदि मंदिर प्राचीन मंदिर की परंपराओ के अनुसार पुनर्निर्मित है।

1 लोटा जल चढ़ाने से पूर्ण होती है मनोकामना : यहां वर्षो से पूजा करते आ रहे बैरागी परिवार के पुजारी मनोहरदास बैरागी बताते है कि उनके परिवार की 5वीं पीढ़ी हो चुकी है। वे बताते है कि जब-जब पेटलावद मे बारिश नही होती थी तो नगरवासी शहर में यात्रा निकालते थे और भगवान निलकंठेश्वर महादेव को जल में डूबो देते थे। उसके बाद बारिश हो जाती थी। यह मंदिर इसलिए भी विशेष आस्था का केंद्र है क्योकि यहां दो पर्व मनाए जाते है। एक शिवरात्रि में शुरू से ही शोभायात्रा निकलती आ रही है, हालांकि पुराने समय में ठेलागाडी पर ढोल के साथ शोभायात्रा निकाली जाती थी और भगवान भोलेनाथ को डोली में लेकर चार भक्त अपने कंधो पर लेकर पूरे नगर में लेकर चलते थे लेकिन अब आधुनिकता के इस दौर में बड़ी-बड़ी बग्गिय में शोभायात्रा निकलती है। समय के साथ बदलाव भी काफी हुआ है। यहां श्रावण मास में भी आस्था उमड़ती है। मंशा महादेव वृत में भी नगर की सबसे अधिक संख्या महिला-पुरूष, युवक-युवतियों की यहां रहती है।

**पंपावती तट पर विराजित हैं बाबा भूतेश्वर महादेव**

इसी के साथ नगर से गुजरने वाली पंपावती तट के किनारे पुरातत्वकालीन बाबा भूतेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। आम दिनों के अलावा खास मौके पर यहां भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। पहले मंदिर तक पहुंचने के लिए व्यवस्थित मार्ग नहीं था किन्तु अब पुलिया बनने से भक्तजन आसानी से बाबा की शरण में जा सकते है। मंदिर समिति शिवरात्रि पर्व पर आयोजन करती है और मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए प्रयासरत है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मंदिर जीर्णोद्धार की घोषणा की थी लेकिन घोषणा अभी तक अधूरी है।

**एक नजर में** — सांसद निधि से विकास को नई रफ्तार :

# रतलाम-झाबुआ-आलीराजपुर में हुए 3 करोड़ 94 हजार से ज्यादा के बहुआयामी विकास कार्य

**आलीराजपुर। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 24 रतलाम-झाबुआ-आलीराजपुर की सांसद अनिता चौहान द्वारा सत्र 2025-26 में अपनी सांसद निधि से पूरे संसदीय क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी। क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास हेतु अनेक जनहितैषी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों से ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में आधारभूत सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।**

मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी गोविंदा गुप्ता ने बताया कि सांसद अनिता चौहान द्वारा आम जनमानस की मांगों ओर भावनाओं को सम्मान देते हुए सांसद निधि के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में

किए गए कार्यों में सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण, शैक्षणिक भवनों का निर्माण, विद्युतीकरण विस्तार, पेयजल व्यवस्था हेतु पानी टैंकर एवं अन्य मूलभूत अधोसंरचना से जुड़े कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं।



**सड़कों और पुलिया से बढ़ी आवागमन की सुविधा-**

ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से संसदीय क्षेत्र के तीनों जिलों के विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए। इससे वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिली है तथा स्कूल, बाजार एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है।

**पेयजल संकट से राहत : पानी टैंकर की व्यवस्था**

ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या को देखते हुए सांसद निधि से पानी टैंकर उपलब्ध कराए गए, जिससे पेयजल संकटग्रस्त ग्रामों में समय पर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी। यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है।

जनहित को प्राथमिकता- इन सभी कार्यों का चयन ग्रामीणों की मांग, स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर किया गया, ताकि सांसद निधि का उपयोग पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से हो सके।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने कहा कि- 'मेरा निरंतर प्रयास है कि सांसद निधि का प्रत्येक रुपया क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास के रूप में पहुँचे। रतलाम-झाबुआ-आलीराजपुर संसदीय क्षेत्र के गांवों को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ' क्षेत्रवासियों ने सांसद निधि से हो रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद अनिता चौहान का आभार जताया है। सत्र 2025-26 में स्वीकृत ये कार्य निश्चित रूप से संसदीय क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहे हैं।

स्वीकृत राशि का जिलेवार ब्यौरा-रतलाम जिले में कुल 18 कार्य सांसद निधि से स्वीकृत किए गए।

विधानसभा रतलाम शहर में 50 लाख रुपए से 2 कार्य, विधानसभा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 50 लाख रुपए से 5 कार्य, वही विधानसभा सैलाना में 50 लाख रुपए के 11 कार्य किए गए। झाबुआ जिले में कुल 48 कार्य सांसद निधि से स्वीकृत किए गए। विधानसभा झाबुआ में 41 लाख 88 हजार 7 सौ 22 रुपए से 12 कार्य, विधानसभा थांदला क्षेत्र में 32 लाख 97 हजार 5 सौ छीयासी रुपए से 18 कार्य, वही विधानसभा पेटलावद में 36 लाख 49 हजार 1 सौ साठ रुपए के 18 कार्य किए गए। आलीराजपुर जिले में कुल 45 कार्य सांसद निधि से स्वीकृत किए गए। विधानसभा आलीराजपुर में 39 लाख 80 हजार 3 सौ रुपए से 20 कार्य वही विधानसभा जोबट क्षेत्र में 58 लाख 28 हजार 1 सौ 13 रुपए से 25 कार्य सांसद निधि से किए गए।

**शिक्षा ढांचे को मिली मजबूती-**

सत्र 2025-26 में सांसद निधि से विभिन्न विद्यालयों में शैक्षणिक भवन, अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत एवं आवश्यक सुविधाओं के कार्य कराए गए। इससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर अध्ययन वातावरण प्राप्त हुआ है, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा मिला है।

विद्युतीकरण विस्तार से रोशन हुए गांव-

ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में विद्युत विस्तार कार्य कराए गए, जिससे कई बसाहटों एवं सार्वजनिक स्थलों तक बिजली की पहुंच सुनिश्चित हुई। इससे घरेलू जीवन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिला है।